सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

राजभवन देहरादून 18 अप्रैल, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रदेश के मतदाताओं से अपील की है कि वे दिनांक 19 अप्रैल को होने वाले मतदान दिवस में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। राज्यपाल ने कहा कि देश की प्रगति के लिए सुदृढ़ लोकतंत्र आवश्यक है और लोकतंत्र की सुदृढ़ता का आधार मतदाता है। प्रत्येक मतदाता का मतदान करना, अधिकार के साथ–साथ कर्तव्य भी है। मतदाता अपने विवेक के आधार पर निर्भीकता से अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र की सुदृढ़ता में अपना अमूल्य योगदान दें।

राज्यपाल शुक्रवार, दिनांक 19 अप्रैल 2024 को मतदान स्थल शहिद मेख बहादुर गुरुंग कैंट कन्या इंटर कॉलेज, गढ़ी, देहरादून में प्रातः 08:30 बजे अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

..........0..........